2022/12

फर्द अहकाम
(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी / अपीलांट**
श्री महेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री सुन्दरसिंह
जाति गोयल
निवासी नयावास नं. 02 वार्ड नं. 31 सिरोही।
जिला सिरोही।

**बनाम**

**अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**
सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 05 वर्ष 2022

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 07.01.2022 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन किया था परन्तु लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा उनका आवेदन जरिए पत्र क्रमांक 581–582 दिनांक 01.11.2021 के जिला कोषाधिकारी सिरोही को स्थानान्तरित कर दिया गया था, लेकिन जिला कोषाधिकारी सिरोही द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन किया था परन्तु लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा उनका आवेदन जरिए पत्र क्रमांक 581–582 दिनांक 01.11.2021 के जिला कोषाधिकारी सिरोही को स्थानान्तरित कर दिया गया था। यह है कि जिला कोषाधिकारी सिरोही द्वारा अपीलांट को उक्त सूचना निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर कोषाधिकारी सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal<br>Date: 2022.01.17 16:59:54 IST<br>Reason: SelfAttested<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | |

Scanned with CamScanner